आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल
सेक्टर- 9 द्वारका, नई दिल्ली
सत्र 2015-16
संकलनात्मक मूल्यांकन (1)
सेट (अ)

दिनांक: 16 सितंबर 2015

कक्षा : चतुर्थ

विषय :हिन्दी

समय : 2 घंटे

अधिकतम अंक :50

नाम :___________

अनुक्रमांक : ____

कुल पृष्ठ : 3

निरीक्षक हस्ताक्षर :__________

सामान्य निर्देश-

1 प्रश्न -पत्र में चार भाग हैं ।

2 प्रश्न -पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं।

3 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

4 सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में कार्य करें ।

भाग क (पढ़ना)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

बाल मज़दूर शब्द सुनते ही आँखों के सामने कारखानों ,चाय की दुकानों ,घरों के लिए ईंटें उठाते व घरेलू नौकरों आदि का काम करने वाले बच्चों की शक्ल घूम जाती है। जो बच्चे 14 साल से कम उम्र के होते हैं व उनसे काम करवाया जाता है उन्हें 'बाल मजदूर' कहते हैं।सरकार सभी बच्चों के लिए सरकारी विद्यालयों में मुफ्त शिक्षा देती है फिर भी गरीबी की वजह से इनके माता-पिता इनसे काम करवाते हैं और इन्हें स्कूल नहीं भेजते ताकि उनके परिवार की आमदनी कम न हो जाए।सरकार ने इन बच्चों के बचपन को बचाने के लिए बाल मजदूरी के खिलाफ कानून बनाया है।जो भी 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम करवाएगा उसे सज़ा मिलेगी।बहुत सारी एन जी ओ भी इन बच्चों के लिए काम करती हैं।फिर भी हमारे देश में ऐसे बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। इन बच्चों के बचपन को बचाने के लिए अमीर लोगों को इन से काम नहीं करवाना चाहिए। यदि हम अपने आस -पास ऐसे बच्चों को देखें तो इनके माता- पिता को समझाना चाहिए व इनकी शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेवारी लेनी चाहिए।

(क) 'बाल मजदूर' किसे कहते हैं?

(ख)गरीब बच्चों के माता- पिता उन्हें स्कूल क्यों नहीं भेजते?

(ग) बाल मज़दूरी को रोकने के लिए सरकार ने क्या कोशिशें की हैं?

(घ) इन बच्चों के बचपन को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

(ङ) गद्यांश में से समानार्थक शब्द ढूंढें। नेत्र, आयु

भाग ख (भाषा)

प्रश्न 2 निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें। (3)

(क)चंपा (ख)भारत (ग) सुंदरता (घ) पर्वत (ङ) थकावट (च) जानवर

प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें। (2)

(क)आम में मिठास होती है।
(ख) गंगा एक पवित्र नदी है।

प्रश्न 4 दिए गए वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें। **(2)**

(क)माताजी बहुत स्वादिष्ट भोजन——— हैं। (पकाना)
(ख)रोहन ने अपने मित्र को ——— । (मारना)
(ग)अनिता अपनी सहेलियों के साथ रस्सी ——— रही है। (कूदना)
(घ)मैं रोज़ रात को 10 बजे तक ——— जाता हूँ। (सोना)

प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द अलग करके लिखें। **(1)**

(क)भैया बाज़ार से बहुत सारा सामान लाते हैं।
(ख)बाग में से फूल मत तोड़ो।

प्रश्न 6 निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ। **(2)**

(क)तैरना (ख)उछलना

प्रश्न 7 कोष्ठक में दिए शब्दों के विलोम रिक्त स्थान में लिखिए। **(2)**

(क)अहा! मजा आ गया यह गद्दा तो बहुत ———है। (कठोर)
(ख)उसका छोटा भाई ——— है। (चुस्त)
(ग) वृक्ष पर ———रंग- विरंगी चिड़िया बैठी है। (अनेक)
(घ) सूरज पश्चिम में ——— होता है। (उदय)

प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखो। **(3)**

(क)अनुपस्थित (ख)शांत (ग)विशेष (घ) सुविधा (ड) ठीक (च)अनुचित

प्रश्न 9 निम्न शब्दों को पहचान कर लिखिए कि वे स्त्रीलिंग है या पुल्लिग। **(2)**

(क) बुढ़िया (ख)महोदय (ग)ठकुराइन (घ) चिड़ा

प्रश्न 10 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलो। **(1)**

(क)अध्यापक (ख) बैल

प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें। **(2)**

(क)हाथी ने दरज़ी की दुकान पर पानी डाला।
(ख)कवयित्री ने सुंदर कविता लिखी।

भाग ग - (साहित्य)

प्रश्न 12 निम्न शब्दों के अर्थ लिखो। **(2)**

(क)मुद्रित (ख) निर्देश (ग) दरिया (घ)वेग

प्रश्न 13 कविता 'यह है त्योहारों का देश' के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4)**

हिंदू -मुसलमान की टोली,
ईद मिले औ खेले होली
आपस में हिलमिल रहने का
देते हम संदेश!
यह है त्योहारों का देश

(क)इस कविता के कवि का नाम लिखें।
(ख)हिंदू -मुसलमान की टोली क्या करती है?
(ग)कवि क्या संदेश देने की बात कर रहा है?
(घ)'हिलमिल' का अर्थ लिखें।
(ड) 'उत्सव' का समानार्थक पद्यांश में से ढूँढकर लिखें ।

प्रश्न 14 रिक्त स्थान भरें। **(2)**

(क) पाठ' गुब्बारे में चीता' के लेखक ———— हैं ।

(ख)महात्मा गांधी ———— के प्रति उतने ही सचेत थे जितनी देश की आजादी के प्रति।

(ग)पर्यावरण को बचाने के लिए हमें————नहीं काटने चाहिए।

(घ)शहर की दीवारों पर सरकस के ————लगे थे।

प्रश्न 15 किसने, किससे कहा। **(1)**

(क)मैं तो जाऊँगा ,चाहे कोई छुट्टी दे या न दे। ।

प्रश्न 16 निम्नलिखित तथ्यों को सही करके लिखिए। (2)

(क)उन्हें ईंधन के लिए शहरों से लकड़ी लानी पड़ती है।

(ख)बलदेव अंग्रेज़ी की कॉपी पर चित्र बना रहा था।

प्रश्न 17 निम्न शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। **(2)**

(क)प्ररकरती (ख)पृफूल्लित (ग)सपरश (घ)चोकननी

प्रश्न 18 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क)जीवन में त्योहार क्यों ज़रूरी हैं? (2)

(ख)गांधी जी ने बालटी क्यों टँगवाई?उसका क्या उपयोग होता? (2)

(ग)पत्रों के लिफाफों का गांधी जी क्या उपयोग करते थे ? (1)

(घ)बलदेव ने अपनी जान कैसे बचाई? (2)

भाग घ (लेखन)

प्रश्न 19 कोई एक कीजिए।

दिए गए संकेतों के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

मेरी प्रिय ऋतु

मेरी प्रिय ऋतु, कब से कब तक, क्या- क्या करते हैं, कैसे कपड़े पहनते हैं ,खान -पान , क्या प्रयोग करते हैं, सावधानियाँ ,यह ऋतु आपको क्यों पसंद है ?

या

प्रधानाचार्या जी को पुस्तकालय में नई पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।